### एक नजर में



## कांग्रेस नेता हीरालाल सिरोलिया का निधन

**पडाना 04 अगस्त, सं.** नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी हीरालाल सिरोलिया का मंगलवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया. वे 75 वर्ष के थे .परिजनों के अनुसार श्री सिरोलिया माध्यमिक शिक्षक जगदीश प्रसाद मालवीय, जोरावर सिंह, संतोष मालवीय और पप्पू सिरोलिया के पिताजी थे. निधन की खबर मिलते ही समाजजनों, परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई. मंगलवार सुबह निज निवास से शव यात्रा निकाली गई, जो सामाजिक मुक्तिधाम पहुंची. शव यात्रा में विभिन्न संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, विभिन्न समाज के लोग और रिश्तेदार शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. उनके निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है.

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग की रिक्त सीटों पर प्रवेश

**राजगढ़ 04 अगस्त, का.** तकनीकी शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में डिप्लोमा इंजीनियरिंग में केमिकल एवं सिविल इंजीनियरिंग की कुछ ही रिक्त सीटों पर संस्था स्तर की काउंसलिंग (सीएलसी) के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया जारी है. वर्तमान में सिविल में 15 एवं केमिकल में 10 सीटें उपलब्ध हैं. प्रवेश 10वीं की मेरिट के आधार पर दिया जाएगा. पात्र विद्यार्थियों को एआईसीटीई की प्रगति, सक्षम, स्वानाथ, यशस्वी, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार प्राप्त होगा. साथ ही अध्ययन हेतु आवश्यक पुस्तकें एवं शैक्षणिक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा. इच्छुक छात्र-छात्राएँ 05 अगस्त, आवश्यक दस्तावेज एवं 7,900 रूपये शुल्क सहित महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं.


### आवश्यकता है

आनंद वेयर हाउस ग्राम कचनारिया एबी रोड़ ब्यावरा A.C.Agrawal (H.P) पेट्रोल पम्प के पास ब्यावरा में गार्डन की देखरेख के लिए एक माली की आवश्यकता है.

**मो. 9425037590**

बिल 05 अगस्त 2026


# लापरवाही का मैजिक : 8 सीटर में 22 बच्चे

## परिजन और स्कूल बच्चों के प्रति इतने बेपरवाह क्यों? ठूंसठूंस कर वाहन में कर रहे परिवहन

**चालान का नहीं पड़ रहा असर, नियमों को ताक पर रख 8 सीटर मैजिक में 22 बच्चों को ठूंसकर ले जा रहे स्कूली वाहन, यातायात पुलिस ने किया वाहन वाहन जब्त**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 अगस्त, का. एक महीने में 3 बार लगातार चालानी कार्यवाही, धरपकड़ के बाद भी स्कूली वाहनों में बच्चों का क्षमता से अधिक संख्या में परिवहन हो रहा है. अभी एक दिन पूर्व ही ब्यावरा में यातयात पुलिस ने मुहिम चलाई लेकिन उससे किसी ने सीख नहीं ली. बच्चों को सड़क पर लापरवाही के वाहनों में सवार कर दुर्घटना की गोद में धकेलने की तैयारी की जा रही है.**

यातायात पुलिस ने मंगलवार को अपनी कार्यवाही में जो देखा उससे साबित हो गया कि घर से स्कूल भेजने के बाद परिजनों और स्कूल संचालकों को इन नौनिहालों की शायद परवाह नहीं है.

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री के एल बंजारे के मार्गदर्शन में स्कूली वाहनों की सघन जांच अभियान के दौरान यातायात थाना ब्यावरा द्वारा मंगलवार को फिर से एक बड़ी कार्रवाई की गई.

यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक देवनारायण पाण्डेय ने सभी स्कूल संचालकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन न करें. नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूल वाहनों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी. उक्त कार्यवाही में पंचमलाल, संतोष सूरवंशी, पिंकल, योगेंद्र, राहुल, सुनील की अहम भूमिका रही.

### यातायात पुलिस और स्कूल संचालकों की बैठक बेनतीजा, बेअसर

हाल ही में यातायात पुलिस ने स्कूल संचालकों और वाहन मालिकों के साथ सुरक्षा संबंधी बैठक की थी. लेकिन उस बैठक और कार्यवाही का कोई असर देखने को नहीं मिला है. उल्लेखनीय है कि स्कूली वाहनों के विरुद्ध लगातार चालानी एवं वैधानिक कार्रवाई किए जाने के बावजूद कुछ वाहन संचालक एवं स्कूल प्रबंधन नियमों का पालन करने के प्रति गंभीर नहीं हैं तथा सुधार लाने को तैयार नहीं है. बार-बार समझाइश और कार्रवाई के बाद भी क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन किया जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है.

### 8 सीटों के वाहन में 22 बच्चे ठूंसकर भरे

स्कूल वाहन की चेकिंग के दौरान गुना रोड स्थित खानपुरा गांव के पास वाहन क्रमांक एमपी 39 अ 1302 (मैजिक) को रोका गया. जांच में पाया गया कि वाहन की निर्धारित सीटिंग क्षमता मात्र 8 है, जबकि चालक उसमें कुल 22 स्कूली बच्चों को बैठाकर ले जा रहा था, जो निर्धारित क्षमता से 14 बच्चे अधिक थे. इस प्रकार बच्चों के जीवन एवं सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालते हुए वाहन का संचालन किया जा रहा था. यातायात पुलिस द्वारा वाहन को तत्काल जब्त कर न्यायालय ब्यावरा में पेश किया गया. वाहन में बैठे सभी 22 स्कूली बच्चों को सुरक्षित उनके विद्यालय पहुंचाया गया, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

# सीएम वर्चुअली करेंगे किसानों को संबोधित

**9 अगस्त को बलराम महोत्सव में कृषि विभाग करेगा आयोजन, किसान होंगे शामिल**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 अगस्त, का. शासन के निर्देशानुसार जिले में 09 अगस्त को प्रात: 10 बजे से कृषि उपज मंडी समिति परिसर ब्यावरा में बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा.**

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को कृषि क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों एवं शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है. बलराम कृषि महोत्सव में कृषि विभाग के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, कृषि अभियांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग तथा ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी, तकनीकी जानकारी एवं योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा. विशेषज्ञ किसानों को उन्नत खेती, आधुनिक कृषि उपकरणों, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण, पशुपालन एवं आय संवर्धन के उपायों की जानकारी देंगे तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे.

इस दौरान किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके. कार्यक्रम में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों पर भी चर्चा होगी. शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का किसानों से संवाद भी प्रस्तावित है. जिससे किसान सीधे शासन की किसान हितैषी नीतियों एवं योजनाओं से जुड़ सकेंगे. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करते हुए अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं.

# लाखों खर्च के बाद भी अटल चौक अतिक्रमण की चपेट में

## जिला इंकाध्यक्ष ने कहा दस्तावेजों ने नहीं है चौक का नाम



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 04 अगस्त, सं. नगर में सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है. इसका जीता-जागता उदाहरण है नगर का अटल चौक.**

जानकारी के मुताबिक नगर के जवाहर चौक परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापित की गई थी. इसके बाद जवाहर चौक का नाम बदलकर अटल चौक कर दिया गया था.

सन् 2023 में नगर परिषद द्वारा इस मूर्ति और सेल्फी प्वाइंट के निर्माण पर 19 लाख 50 हजार रुपये खर्च किए गए थे. दावा किया गया था कि इस स्थान का सौंदर्यीकरण कर इसे शहर की पहचान बनाया जाएगा.

लेकिन आज हकीकत यह है कि लाखों रुपए की लागत से बनी मूर्ति के यहां अतिक्रमण है. मूर्ति के समीप दुकानों का सामान, ठेले नजर आतें है. सौंदर्यीकरण के नाम पर मात्र मूर्ति और एक बोर्ड ही दिखाई देता है.

**अब फिर 20 लाख मंजूर** - इतना ही नहीं, इसी अटल चौक के पुन: सौंदर्यीकरण के नाम पर नगर परिषद ने एक बार फिर 20 लाख रुपये मंजूर कर दिए हैं.

सवाल उठता है कि जब 19.50 लाख में सौंदर्यीकरण हो चुका है, तो अब कौन सी सुंदरता बाकी रह गई है, जिसे नगर परिषद सजाना चाहती है? क्या पहले वाला पैसा सही जगह खर्च हुआ था.

नगर परिषद उपयंत्री बृजेश उपाध्याय का कहना है कि बीस लाख रुपए का टेंडर हो चुका है जल्द अतिक्रमण हटाकर काम शुरू होगा. जिसमें अटल चौक कि खुदाई होकर बेस डालकर उच्च क्वालिटी के पैवर लगायें जायेंगे साथ ही पाईप एवं लाइटिंग की जायेगी. आश्चर्य किन्तु सत्य - जब इसी जगह पर सन् 2023 में अटल जी कि मूर्ति लगाई एवं बोर्ड लाइट का पोल लगाया तो उन्नीस लाख रुपए कैसे खर्च हुए.

## फसल बीमा को लेकर ज्ञापन सौंपा

**तलेन 04 अगस्त, सं.** ब्लॉक के किसानों की फसलें प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि के कारण पूरी तरह से नष्ट हो गई थी. जिसकी शासन-प्रशासन द्वारा गिरदावरी एवं सर्वे कराया गया था. फसलों का नियमानुसार फसल बीमा प्रीमियम भी काटा जा चुका था. परंतु अभी तक अधिकांश पात्र किसानों को फसल बीमा का लाभ मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है. बीमा राशि न मिलने के कारण भारी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है. किसानों ने कहा है कि लंबित फसल बीमा राशि का भुगतान आगामी 10 दिवस के भीतर खातों में अंतरित नहीं की जाती है, तो किसान बाध्य होकर कलेक्ट्रेट, तहसील मुख्यालय में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने के लिए विवश होंगे.

# 6 माह से अलग रह रहे पति-पत्नी को मिलवाया

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 अगस्त, का. महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंशु बाला मसीह के मार्गदर्शन में संचालित वन स्टॉप सेंटर राजगढ़ ने महिलाओं की सहायता एवं पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान की दिशा में एक और सराहनीय सफलता प्राप्त की है.**




सेंटर प्रशासक श्रीमती रश्मि चौहान के सकारात्मक प्रयासों से छह माह से अलग रह रहे पति-पत्नी का सफल पुनर्मिलन कराया गया, जिससे बिखरने की कगार पर पहुँचे एक परिवार को पुन: एकजुट होने का अवसर मिला.वन स्टॉप सेंटर में सुनीताबाई (परिवर्तित नाम) अपना शिकायती आवेदन लेकर वन स्टॉप सेंटर पहुँचीं और अपनी पारिवारिक समस्या से प्रशासक को अवगत कराया. उन्होंने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व उनके पुत्र जितेंद्र (परिवर्तित नाम) का विवाह सपना (परिवर्तित नाम) के साथ सामाजिक एवं पारिवारिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ था. विवाह के बाद बहू केवल एक बार ससुराल आई और पिछले छह माह से अपने मायके में रह रही थी. परिवार द्वारा उसे वापस लाने के अनेक प्रयास किए गए, किंतु सफलता नहीं मिली. उन्होंने वन स्टॉप सेंटर से परिवार को पुन: एकजुट करने में सहयोग का अनुरोध किया.

प्रकरण में सुलह की संभावना को देखते हुए वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर श्रीमती गुंजा सक्सेना ने दोनों पक्षों से संपर्क कर निर्धारित तिथि पर कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा. दोनों पक्षों की उपस्थिति में विस्तारपूर्वक काउंसलिंग की गई तथा पति-पत्नी को वैवाहिक जीवन में आपसी विश्वास, संवाद, सम्मान एवं समझदारी के महत्व से अवगत कराया गया. उन्हें यह भी समझाया गया कि छोटी-छोटी बातों को आपसी बातचीत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है तथा विवाह केवल दो व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि दो परिवारों का भी पवित्र बंधन होता है.

वन स्टॉप सेंटर द्वारा दोनों को आपस में बातचीत करने का अवसर भी प्रदान किया गया. सकारात्मक संवाद एवं समझाइश के उपरांत पति-पत्नी ने साथ रहने, परिवार के बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करने तथा भविष्य में छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद न करने का संकल्प लिया. इसके बाद दोनों ने अपने परिजनों का आशीर्वाद लेकर गृहस्थ जीवन की नई शुरुआत करने का निर्णय लिया.

# आवास सूची से पात्रों के नाम हटे

## जनपद सदस्य ने कलेक्टर से जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**पडाना 04 अगस्त, सं.** प्रधानमंत्री आवास योजना 2025-26 की अस्थायी सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत पडाना के जनपद सदस्य रुकसार सोनू मंसूरी ने कलेक्टर राजगढ़ को ज्ञापन सौंपा.मंसूरी ने आवेदन में कहा कि पडाना गांव की नई सूची से कई अत्यंत गरीब और पात्र परिवारों के नाम काट दिए गए हैं. जिन लोगों के पास पक्का मकान नहीं है और जो योजना के असली हकदार हैं, उन्हीं को सूची से बाहर कर दिया गया. उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि पीएम आवास योजना 2025-26 की सूची की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पात्र हितग्राहियों के नाम दोबारा जोड़े जाएं, ताकि जरूरतमंदों को उनका हक मिल सके. ग्रामीणों में इसको लेकर नाराजगी है. उनका कहना है कि अपात्र लोगों के नाम जुड़ने और पात्रों के नाम कटने से असली जरूरतमंद योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे.

## नवीन शैक्षणिक सत्र का ओरिएंटेशन सह-संवाद संपन्न

**सुठालिया 04 अगस्त,सं.** शासकीय महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय विशेष ओरिएंटेशन प्रोग्राम का गरिमामय आयोजन किया गया. इसका मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम ढांचे, शासन की कल्याणकारी योजनाओं, महाविद्यालयीन सुविधाओं और अनुशासन से अवगत कराना था. मुख्य वक्ता शमशाद बेग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कक्षाओं में 75 प्रतिशत अनिवार्य उपस्थिति के नियम पर बल दिया.



# उत्तराखण्ड से पैदल उज्जैन जा रहे कावड़ियों का स्वागत

## 1062 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**पडाना 04 अगस्त, सं. उत्तराखंड से पैदल चलकर उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए निकले कावड़ श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार शाम जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत मऊ पहुंचा. सावन के पवित्र महीने में 1062 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे इन शिवभक्तों का गांव में जिस आत्मीयता से स्वागत हुआ उसने पूरे क्षेत्र में आस्था और भाईचारे की मिसाल कायम कर दी.**

मऊ पहुंचते ही ग्रामीण बोल बम के जयकारों के साथ उमड़ पड़े. नेशनल हाईवे स्थित ग्राम मऊ मां बिजासन होटल पर गांव के लोगों ने कावडियों का अभिनंदन किया. सेवा में जुटे ग्रामीणों ने यात्रियों को चाय, नाश्ता, बिस्किट, ठंडा पानी और शुद्ध आहार कराया. गांव के बुजुर्गों ने बताया कि हर साल सावन में महाकाल के दर्शन को जाने वाले कावड़ियों की सेवा करना मऊ की परंपरा बन गई है.

गांव के एक वरिष्ठजन ने कहा कि इतनी लंबी पैदल यात्रा के बाद भक्तों को थोड़ी राहत मिल जाए तो यही हमारे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य है. श्रद्धालुओं ने भी ग्रामीणों की मेहमाननवाजी की दिल से सराहना की और महाकाल से गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की.

इस सेवा कार्य में गुरु चरण दास महाराज, हरिओम गोस्वामी, संतोष राजपूत, शिवम गोस्वामी, रामबाबू राजपूत, जितेंद्र मंत्री, हरि नारायण राज गोस्वामी इत्यादि उपस्थित रहे.पूरे माहौल में शिवभक्ति के जयकारे गूंजते रहे. सावन में इस तरह की सेवा भावना ने न केवल यात्रियों को नई ऊर्जा दी बल्कि क्षेत्र में सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया. महाकाल के नाम पर एकजुट हुआ मऊ गांव इस बार फिर यह सिद्ध कर गया कि आस्था से बड़ी कोई सेवा नहीं होती.

**समारोह** जून - जुलाई के सेवानिवृत्त अधिकारियों - कर्मचारियों को समय पर पीपीओ एवं सम्मान प्रान

# सेवानिवृत्ति के साथ ही मिला पेंशन पीपीओ, कर्मचारियों को सम्मान

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 अगस्त, का. जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब लंबा इंतज़ार नहीं करना पड़ रहा है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने एक प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया जा रहा है.**

यह व्यवस्था जिले में सुशासन और मानवीय प्रशासन की एक मिसाल बनकर उभर रही है. मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित भावपूर्ण विदाई समारोह में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि हम सभी एक परिवार है और जन सेवा के उददेश्यो से मिलकर कार्य कर रहे हैं। कर्मचारी विभाग को कई वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देता है, इसलिए यह और भी आवश्यक हो जाता है कि उसके सेवानिवृत्ति संबंधी सभी भुगतान समय पर सुनिश्चित किए जाएं.

माह जून 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारी कर्मचारियों में सुभाष चन्द्र लववंशी, श्रीमति मंजूलता जोशी व प्रेमकिशोर जगलोनिया बीईओ नरसिहगढ, अशोक कुमार पाण्डे, देवचन्द्र मालवीय व लालूराम मालवीय बीईओ सारंगपुर, प्रदीप कुमार उपाध्याय व अशोक कुमार पवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ब्रदीलाल मेवाडे कलेक्टोरेट राजगढ, कैलाश यादव, सुगनलाल धुर्वे व दिलीप कुमार पुलिस अधीक्षक राजगढ, रामचरण मालवीय तहसीलदार सारंगपुर, श्रीमती अनीसा बैगम व्यासख्याता डाईट राजगढ़, श्रीमती ऊषा शर्मा एएनएम, राधेश्याम जाटव बीईओ खिलचीपुर, मुंशीलाल वर्मा बीईओ नरसिंहगढ़, कंवरलाल यादव बीईओ ब्यावरा, कैलाश व दिलीप सोनी पुलिस विभाग को माला, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया.



माह जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारी कर्मचारियों में अशोक कुमार सेन वन मण्डल राजगढ, बद्रीलाल यादव विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नरसिंहगढ, भवानी लाल अहिरवार उधानिकी विभाग राजगढ़, धनी राम मरावी व दिलीप कुमार पुलिस विभाग राजगढ़, दिनेश कुमार गुप्ता जनपद पंचायत जीरापुर, गणपत सिंह मालवीय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नरसिंहगढ, श्रीमती गायत्री मालवीय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ब्यावरा, गिरीराज सिंह राठौर न्याय विभाग राजगढ़, श्रीमती लीला बाई कलेक्ट्रेट राजगढ़, महेश कुमार गुप्ता विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खिलचीपुर, नन्द राम मालवीय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खिलचीपुर, नानू राम आदिम जाति कल्याण विभाग राजगढ, नेमी चन्द जैन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सारंगपुर, श्रीमती पूनम चन्द टेलर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खिलचीपुर, प्रेमनारायण गुर्जर व रमेश चन्द्र सागर पुलिस विभाग राजगढ, रामलाल वर्मा आयुष विभाग राजगढ़, राममोहन महिला बाल विकास विभाग, शिवनारायण मेहर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ब्यावरा, सिदनाथ माली विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सारंगपुर, विक्रम सिंह राठौर डाईट राजगढ, अब्दुील शमीम अंसारी लिपिक राजगढ, राजीव दुबे व दुर्गा प्रसाद अध्यापक बीईओ राजगढ़, नन्दकिशोर व्यास बीईओ नरसिंहगढ़ तथा प्रेमनारायण यादव बीईओ ब्यीावरा को माला, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया.